बी एस एन वी पी जी कॉलेज ,लखनऊ के वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा विश्व ओज़ोन दिवस् पर 16 सितंबर 2025 को विभाग की HOD श्रीमती रश्मि गुप्ता के मार्गदर्शन में स्लोगन, पोस्टर,क्विज,तथा स्पीच की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में बी. एससी. प्रथम, तृतीय तथा पंचम सेमेस्टर के स्टूडेंट्स ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने ओज़ोन परत की तुलना छाते से करते हुए बताया कि जैसे छाता हमें धूप से तथा बारिश से बचाता है, उसी प्रकार यह ओज़ोन परत अदृश्य होते हुए भी हमे सूर्य से निकलने वाली अल्ट्रावॉयलेट किरणों से बचाता है। ओज़ोन परत के डिप्लीशन के लिए जिम्मेदार कारकों को भी स्लोगन, पोस्टर तथा स्पीच के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रस्तुत किये। अंत मे क्विज प्रतियोगिता संपन्न हुई, जिसको दो चरणों मे संपादित किया गया। जिसमे हर चरण के दो टॉप स्कोर्स टीम को फ़ाइनल में प्रतिभाग करने का मौका दिया गया। समस्त राउंड की समाप्ति के पश्चात प्राप्त अंकों के आधार पर प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम्स की घोषणा की गई। क्विज का संचालन श्रीमति रश्मि गुप्ता द्वारा किया गया। । विभिन्न प्रतियोगिताओं में डॉ बैरिस्टर गुप्ता, श्री वैभव सिंह, डॉ सुभाष, श्री सुमित , डॉ ललित प्रकाश गुप्ता तथा सुश्री रीता सिंह रावत ने निर्णायक के रूप में अहम भूमिका निभाई। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर संजय मिश्र द्वारा सर्टिफिकेट और मेडल वितरण किए गए।

स्लोगन में , आकांशा पाण्डे, सर्वज्ञ शाह तथा कविता को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ ।

पोस्टर प्रतियोगिता में श्रेया वर्मा, आकांशा पाण्डे तथा अविरल राज अवस्थी क्रमशः प्रथम , द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे ।

स्पीच प्रतियोगिता में सर्वग्य शाह, नाजिया खान तथा मोहम्मद जहीर खान ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया ।

क्विज प्रतियोगिता में सर्वज्ञ शाह,विभा सिंह यादव तथा कशिश यादव की टीम प्रथम स्थान पर रही । द्वितीय स्थान पर पूनम कुमारी, वैशाली रावत तथा सोमिल यादव की टीम रही । कविता, आलोक सिंह और सोनाली कुमारी की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम के अंत में विभाग के श्री लल्लन प्रसाद द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया ।

बी.एससी. पंचम सेमेस्टर के सर्वज्ञ शाह को वनस्पति विज्ञान विभाग का सर्वश्रेष्ठ छात्र चुना गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री लल्लन प्रसाद, डॉ प्रमिला पाण्डेय,डॉ सारिका श्रीवास्तव,डॉ मृदुला सिंह,डॉ सोनी सिंह, श्री सोमेन्द्र सिंह तथा निशा ने अपना अथक योगदान दिया।